तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 19 जुलाई 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 कलेक्टर और सीईओ पहुंचे बनपचरी स्कूल...



12 देव संस्कृति विद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण ...



# शराब दुकान में सीसीटीवी महज दिखावा, जवाब देने से बचते रहे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झलप

शराब दुकानों में लगे सीसी टीवी कैमरे खराब हैं। स्थानीय जानकारों की मानें तो यह स्थिति जानबूझकर निर्मित की गई है। ताकि, शराब दुकान से अवैध बिक्री के लिए कोचियों तक शराब निकासी में यहां के कर्मियों को आसानी हो। झलप शराब दुकान से शराब बैग में भरकर ढुलाई और मोटरसाइकिल से आपूर्ति की खबर के बाद जब हमारे संवाददाता ने शराब दुकान की पड़ताल की तो जांच की पहली कड़ी माने जाने वाले सीसीटीवी कैमरे खुद सवालों के घेरे में आ गए। स्थानीय शराब दुकान में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे महज एक दिखावा बनकर रह गए हैं। जब इस विषय में दुकान के सेल्समैन से सवाल किया गया तो उसका सीधा जवाब था "कैमरे खराब हैं।" कब से खराब हैं? के प्रश्न पर कर्मचारी बगलें झांकने लगे। यह भी नहीं बताया गया कि इन कैमरों की मरम्मत के लिए कोई प्रयास क्यों नहीं किए गए। अफसर भी शराब दुकान पहुंचकर आखिर जांच क्या करते हैं यह भी सोचनीय विषय है।

## शराब दुकान में लगाए सीसीटीवी कैमरा खराब, विभाग भी नहीं कर रहे जांच

### सरकार ने खर्च किया, लेकिन सिस्टम बेकार

शराब दुकानों में निगरानी के लिए सरकार ने लाखों रुपए खर्च कर सीसीटीवी सेटअप लगाए थे, ताकि बिक्री प्रक्रिया पारदर्शी और नियंत्रण में रहे। लेकिन, झलप की दुकान में ये कैमरे या तो जानबूझकर खराब किए गए हैं या फिर देखभाल के अभाव में अब अनुपयोगी हो चुके हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या विभागीय अधिकारी और कर्मचारी नहीं चाहते कि उनकी कारगुजारियों पर कोई निगरानी हो?




### गांव में हर चौक पर शराब की उपलब्धता पान ठेले भी बने नशे का अड्डा

स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जब इस पूरे मामले पर चर्चा की गई तो उन्होंने चौंकाने वाले तथ्य सामने रखे। उन्होंने बताया कि ग्राम झलप में शराब अब हर चौक-चौराहे पर उपलब्ध है। कई होटल और ढाबों में बैठक की सुविधाएं देकर शराब पिलाई जा रही है। यहां तक कि पान ठेलों में भी शराब व अन्य नशीले पदार्थ खुलेआम बिक रहे हैं।

**अब सवाल ये है कि क्या यह सिर्फ लापरवाही है या किसी बड़े खेल का हिस्सा?**: क्या वाकई शराब कारोबारियों को संरक्षण मिल रहा है? प्रशासन और आबकारी विभाग को इस सवाल का जवाब देना होगा। इस मुद्दे पर हरिभूमि लगातार नज़र बनाए हुए है।

### मांग, उच्चस्तरीय जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई

ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि मामले की उच्चस्तरीय जांच हो और जो अधिकारी-कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी निभाने में चूक रहे हैं, उन पर सख्त कार्रवाई हो। साथ ही सभी शराब दुकानों के सीसीटीवी सिस्टम की स्वतंत्र तकनीकी जांच करवाई जाए और खराब या निष्क्रिय कैमरों की तुरंत मरम्मत सुनिश्चित हो।

## खबर संक्षेप



### अनियंत्रित होकर लोडर वाहन पेड़ से टकराया

**महासमुंद।** मवेशियों के सड़क पर आने से महासमुंद-बागबाहरा मार्ग पर राजिम मोड़ के पास एक लोडर ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में जा घुसी और पेड़ से जा टकराई। हादसे में चालक और परिचालक दोनों को मामूली चोटें आई हैं। ट्रक चालक गणपत ने बताया कि वो लोडर वाहन में एक चैन माउंटेन लेकर राजस्थान से रायगड़ा (ओडिशा) की ओर निकला था। गुरुवार सुबह सड़क में मवेशी आ जाने और उसे बचाने के प्रयास में वाहन झाड़ी में जा घुसी और सामने का केबिन पेड़ से टकरा गया। बताया जा रहा है कि ट्रक में लोड चैन माउंटेन के कारण चालक ने नियंत्रण खो दिया।

### महुआ शराब जब्त युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम धनसुली में एक युवक के पास से महुआ शराब जब्त किया गया है। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि ग्राम धनसुली के आरोपी रवि शंकर विश्वकर्मा पिता नुनकर विश्वकर्मा (32 वर्ष) के कब्जे से कुल छह लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई।

### कार का एक्सीडेंट कर मारपीट

**महासमुंद।** कार का एक्सीडेंट कर चालक के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के खिलाफ पिथौरा थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि इंदिरा गांधी वार्ड नं 08 पिथौरा निवासी खीरसागर निषाद 16 जुलाई को अपनी स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक सीजी 06 जीवी1218 से अपने दोस्त दशरथष ध्रुव, जितेंद्र कुमार डडसेना, पंचराम निषाद एवं मंगल निषाद के साथ ग्राम टप्पा से पिथौरा की ओर आ रहा था। शाम करीब 7 बजे थाना चौक के आगे प्रवेश द्वार के पास पिथौरा पहुंचने पर उसी समय वाहन आर्टिगा कार सीजी 04 एमई 3192 के चालक हीरसेन निषाद के द्वारा लापरवाहीपूर्वक व तेज गति से अपनी वाहन को चलाकर उसकी कार को ठोकर मारकर सांकरा की ओर भागने लगा। जिसका पीछा प्रार्थी ने किया और बल्लीडीह चौक के पास कार को देख कर रूके। और वाहन चालक हीरसेन निषाद से एक्सीडेंट के संबंध में बातचीत कर रहे थे, तभी वासुदेव भोई, नरेंद्र सिन्हा, हीरसेन निषाद, मीतू भोई, मुकेश पटेल, महेंद्र सिंह राजपूत एवं अन्य ने एक राय होकर मारपीट की। प्रार्थी के दोस्तों ने बीचबचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 281, 296, 115(2), 351(2), 191(2) 190 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## निरीक्षण : स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था की ली जानकारी

# विभागीय गतिविधियों का जायजा लेने मैदानी क्षेत्र में उतरे जिलाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- कलेक्टर ने छुईपाली व सिंघोड़ा में छात्रावास, आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण
- विभागीय गतिविधियों का लिया जायजा, कलेक्टर का मैदानी क्षेत्रों में लगातार सघन दौरा जारी

जिले के दूरस्थ ग्रामों में विभागीय कार्यों और योजनाओं की जमीनी हकीकत का जायजा लेने शुक्रवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह सरायपाली विकासखण्ड के गांवों में औचक निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान सरायपाली एफसीआई गोदाम, कलेंडा (छिबर्रा) पहुंचकर उन्होंने धान भंडारण केंद्र का निरीक्षण किया और बारिश के मौसम को देखते हुए तिरपाल की व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम तथा भंडारण सुरक्षा पर समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सुरक्षा उपायों को समय पर पूर्ण करते हुए धान की गुणवत्ता को सुरक्षित रखा जाए। पश्चात कलेक्टर ग्राम छुईपाली स्थित बालिका छात्रावास पहुंचे।

यहां छात्रावास में रह रही बालिकाओं से बातचीत कर उन्होंने पोषण, शिक्षण सामग्री, स्वास्थ्य सेवाएं एवं सुरक्षा से संबंधित सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास प्रबंधन को इन सुविधाओं की सतत निगरानी एवं गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सिघोडा में कलेक्टर लंगेह ने आंगनबाड़ी केंद्र, पीएम स्कूल और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, टीकाकरण की स्थिति, पोषण आहार की उपलब्धता, स्वच्छता आदि की जानकारी ली। उपस्थित सहायिका एवं कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से बच्चों के हित में कार्य करने के निर्देश दिए।



### पीएमश्री स्कूल सिंघोड़ा पहुंचे कलेक्टर

पीएमश्री स्कूल सिंघोड़ा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति एवं विद्यार्थियों की गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की सतत निगरानी की जाए एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाए। तत्पश्चात कलेक्टर ने सिंघोड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की जानकारी ली। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों को मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए सावधानी बरतने, दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए।

# चावल गोडाउन से निकले कीड़े ला रहे शरीर में जलन एवं खुजली, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिल मुख्यालय से लगे ग्राम भलेसर में वेयर हाउस गोडाउन पर रखे चावल के सड़ जाने के कारण पनप रहे कीड़े गांव के लोगों के लिए परेशानी की वजह बनता जा रहा है। मानसून में यूं तो ग्रामीण और शहरी इलाकों में सांप, कीड़ों के साथ ही डेंगू, मलेरिया का खतरा बना रहता है। लेकिन, अब इन खतरों के अलावा भलेसर पंचायत में ग्रामीणों के सामने एक नई समस्या सामने है।

दरअसल, गांव के ग्रामीण इन दिनों कीड़ों से परेशान हैं, कीड़े लोगों के घर में घुस कर खाने की थाली पर गिर रहे है एवं शरीर में इनके बैठने, रेंगने से शरीर में खुजली एवं जलन जैसे समस्याओं से जूझना पड़ रहा है, घर के चारों तरफ फैल गए हैं। गोदाम में रखे चावल से उत्पन्न हो रहे कीड़े कभी खाने में गिर जाते हैं तो कभी लोगों के आंखों और कान में घुस जाते हैं। इन कीड़ो ने लोगों की नींदे उड़ा दी है। दरअसल ग्राम पंचायत भलेसर में 60 मीट्रिक टन चावल रखने के लिए वेयरहाउस बना हुआ है और इस वेयरहाउस से सभी सरकारी उचित मूल्य की दुकानों में राशन पहुंचाया जाता है। जिसके कारण इस वेयर हाउस में हर महीने चावल का भंडारण किया जाता है लगातार चावल के भंडारण से और जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण अब इन गोदाम में रखे चावल से कीड़े पनपने लगे हैं यही कीड़े हवा में उड़कर आसपास के इलाकों में और ग्रामीणों के घरों तक पहुंच गए हैं।





### कीड़ो ने लोगों की उड़ाई नींद

भलेसर ग्राम के सरपंच सेवाराम कुर्रे गीता देवी, दुरपति साहू, राजकुमार चवरे, हितराम साहू, राजू साहू, हेमा साहू, राजू सिन्हा ने बताया है कि कीड़ों ने लोगों की नींद उड़ा दी है। कीड़े से खुजली, शरीर में जलन एवं रात में खाना खाने के समय खाने के थाली में भी गिर रहे है जिस कारण से हमें परेशानी हो रही है। इस समस्या का हर साल शिकायत वेयरहाउस प्रबंधक से शिकायत की जाती है। यह समस्या बरसात के दिनो में बढ़ जाती है। वेयरहाउस के अधिकारियों द्वारा इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं निकाला जा सका है।

### कौशल तिहार 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 21 से

**महासमुंद।** शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व युवा कौशल दिवस पर कौशल तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर जिले में पंजीकृत वीटीपी संस्थाओं में प्रशिक्षित एवं प्रशिक्षणरत युवाओं के मध्य विभिन्न कौशल प्रतियोगिताओं का आयोजन निर्धारित तिथियों पर किया जाएगा। जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन 21 से 23 जुलाई 2025 तक एवं राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता 28 से 30 जुलाई 2025 तक आयोजित किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित विजेता प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जहाँ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिताएं चिन्हांकित कोर्सेस में आयोजित की जाएगी। जिसमें ड्राइविंग असिस्टेंट, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, मोबाइल फोन हार्डवेयर रिपेयर टेक्नीशियन, जल वितरण संचालक शामिल हैं।

# खट्टी के ऐतिहासिक स्कूल के मर्जीकरण को निरस्त कराने अब होगा दंडवत आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



ऐतिहासिक महत्व की शासकीय प्राथमिक शाला खट्टी के मर्जीकरण को निरस्त करने की मांग को लेकर ग्राम खट्टी के नागरिक और शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रेमलाल साहू 22 जुलाई को प्रस्तावित आंदोलन के तहत बरोंडा चौक से कलेक्टर कार्यालय तक दंडवत सड़क पर लोटते हुए जाएंगे और कलेक्टर जनदर्शन फरियाद करेंगे। साहू ने बताया कि स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले सेनानी जिस प्राथमिक शाला में पढ़े, ऐसी शाला का धरोहर बनाने के बजाए शिक्षा विभाग के अफसर सरकार की मंशा के विपरीत गलत तरीके से इस ऐतिहासिक शाला को मर्ज कर इसके इतिहास को मिटाने का प्रयास कर रहे है। इसे लेकर अनेक बार ग्रामीणों ने जवाबदार अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया। शाला बहिष्कार व आंदोलन भी किया और शाला के ऐतिहासिक होने का प्रमाण दिया, फिर भी अफसर इस ऐतिहासिक शाला को 2005 में बनी कन्या शाला में मर्ज करने में आमादा है।

### खट्टी के इतिहास को बचाने के लिए वे हर स्तर का करेंगे आंदोलन

उन्होंने प्रेम साहू ने बताया कि ग्राम खट्टी के इतिहास को बचाने के लिए वे हर स्तर का आंदोलन करेंगे। प्रथम चरण में दंडवत यात्रा कर कलेक्टर जनदर्शन में फरियाद करेंगे। बात अगर नहीं मानी गई तो दूसरे चरण में प्रदेश के मुख्यमंत्री के निवास के सामने दंडवत होते हुए ज्ञापन सौंपकर इस संस्था को मर्जीकरण से मुक्त करने की गुहार लगाएंगे। उन्होंने कहा कि अफसरों ने शासन के युक्तियुक्तकरण की गाइड लाइन की धज्जियां उड़ाई है। गाइड लाइन की कंडिका नंबर 06 में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि ऐतिहासिक शाला का मर्जीकरण नहीं किया जाना है। अफसरों ने इसका खुला उल्लंघन किया है। कार्यालय में बैठकर अफसर ने शालाओं का मर्जीकरण किया है। इसी प्रकार कंडिका नंबर 15 जिसमें शाला प्रबंध समिति की युक्ति युक्तकरण से अवगत कराने संबंधी नियम का भी खुला उल्लंघन किया गया है। ऐतिहासिक शाला को ऐतिहासिक न मानकर इसको मर्ज करना देश की आजादी की लड़ाई लड़ने वाले उन स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का अपमान है, जिन्होंने इस संस्था में अपनी बुनियादी शिक्षा प्राप्त की।

### अनेक सेनानियों ने ली इस स्कूल से शिक्षा

प्रेमलाल साहू ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला में महासमुंद के पूर्व मनोनीत विधायक जीवन लाल गिरी ने अपनी बुनियादी शिक्षा प्राप्त की। जीवन लाल गिरी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रहे, देश की आजादी के लिए जेल की यात्रा की। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मंगलपुरी गोस्वामी, चौथामल सहित 17 से ज्यादा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने इस संस्था से पढ़ाई की, जिनका दाखिल खारिज पंजी में आज भी नाम अंकित है। शाला का दाखिल खारिज पंजी जिसमें पेन के स्थान पर मोर पंख से लिखा दस्तावेज आज भी शाला में मौजूद है। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का ताम्रपत्र उनका प्रमाण पत्र जिला कलेक्टर की सूची में इनका नाम रिकार्ड में दर्ज है। सबका प्रमाण देने के बाद भी जवाबदार अफसर इस स्कूल को ऐतिहासिक मानने से इंकार कर रहे हैं।

### अफसर के दुर्व्यवहार से ग्रामीण नाराज

प्रेमलाल ने कहा कि पूर्व में दिए ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा को स्पष्टीकरण जारी किया। जिसका जवाब देने के बजाए विकास खंड शिक्षा अधिकारी कहते हैं कि वे अपने हिसाब से कार्य करेंगे। किसी अधिकारी के हिसाब से कार्य नहीं करेंगे, उनका जब मन होगा तब वो स्पष्टीकरण का जवाब देंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के इस व्यवहार से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

# जमीन विवाद को लेकर दो भाईयों के बीच में हुई खूनी संघर्ष, एक मृत, अन्य दो घायल

**महासमुंद।** जिले के बसना क्षेत्र से जमीन विवाद को लेकर दो भाईयों में हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत एवं अन्य लोगों के घायल हो जाने का मामला सामने आया है। ग्राम कुशभांठा में बुधवार को भाइयों में खेत के बंटवारे को लेकर इस वर्ष खेत में धान बोने से मना करने के बावजूद बड़े भाई द्वारा धान बोया गया। जिससे आक्रोशित सभी भाई लाठी डंडा लेकर खेत पहुंचे।

वहां भाइयों ने अपने भाई, भाभी व उसके पुत्र पर लाठी व डंडे बरसा कर प्राण घातक हमला कर दिया। जिससे सोहन लाल मरकाम की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी सुकमोती मरकाम एवं उसका पुत्र व्यंकटेश को गंभीर चोटें आई हैं और वे घायल है। जिन्हें पिथौरा अस्पताल एंबुलेंस से ले जाया गया। पुलिस ने हत्या के आरोप में कुशभांठा पहुंचकर सभी 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी अमृत भार्गव एवं ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार खेत जमीन के बंटवारा को लेकर विवाद चल रहा था। सोहन पिता परशु मरकाम को उनके ही चाचा, बड़े पिता, भाइयों ने बांधिया तालाब के पास के खेत को इस साल बोने के लिए मना किया गया था। लेकिन सोहन मरकाम द्वारा उनके भाई चाचा की बात को नजरअंदाज करते हुए बीते 16 जुलाई को बंथिया तालाब के ऊपर के खेत को ट्रैक्टर से धान बोवाई की गई। सोहन खेत की बोआई कर खेत से ट्रैक्टर निकल कर बाहर चला गया था और खेत में धान बोने के बाद सोहन मरकाम, उसकी पत्नी एवं पुत्र खेत के पानी की निकासी के लिए रास्ता बना रहे थे। इसी दरमियान उसके बड़े पिता, चाचा एवं सोहन का चचेरे भाई डंडा पकडकर आए और आक्रोशित होकर सोहन एवं उसकी पत्नी, पुत्र को गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। बाद में इस विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और सातों आरोपियों ने सोहन मरकाम उसकी पत्नी सुकमोती मरकाम एवं उसके पुत्र वेंकटेश मरकाम पर लाठी डंडे से हमला कर दिया।

### शादी का झांसा देकर अनाचार, गर्भपात कराया

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र की एक युवती ने शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण, मारपीट और गर्भपात कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार ग्राम खेमड़ा निवासी बैकुंठबिहारी यादव पहले से शादीशुदा है, बावजूद उसने स्वयं को तलाकशुदा बताकर युवती से संबंध बनाया और 26 दिसंबर 2024 को रायपुर स्थित आर्य समाज मंदिर में उससे विवाह किया। कुछ समय तक दोनों साथ रहे, फिर जब युवती ने उसके साथ स्थायी रूप से रहने और अपने घर ले जाने की बात कही, तो उसके साथ मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, वह करीब डेढ़ - दो माह की गर्भवती भी हो गई थी, लेकिन बैकुंठबिहारी ने उसे धोखे से दवा खिला दी जिससे उसका गर्भपात हो गया। बाद भी उसने उसके साथ जबरदस्ती संबंध बनाए और मारपीट जारी रखी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### कफ सिरप, नशीली दवाओं के टैबलेट और इंजेक्शन जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** स्कूटी सवारों से पुलिस ने नशीली दवाओं के टैबलेट, इंजेक्शन और कफ सिरप जब्त किया है। मामले में सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज कर दो आरोपियों के गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिली थी कि एक काले रंग का स्कूटी ओडी 17 वाय 7663 में दो व्यक्ति वाहन की डिक्की में नशीली दवाई लेकर जा रहे हैं। इस सूचना के बाद स्कूटी सवारों को रोका गया। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम कमल डडसेना पिता बनमाली डडसेना (25 साल) कुलांटी थाना जगदलपुर जिला बरगढ़ ओडिशा तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम गौरव उर्फ गोलू सतपथी पिता सुरेश सतपथी (19 साल) उड़ियापारा सरायपाली जिला महासमुंद छ.ग. का होना बताया। पुलिस द्वारा वाहन में क्या है पूछने पर पीछे बैठे व्यक्ति गौरव उर्फ गोलू सतपथी ने बताया कि सीट के नीचे डिक्की के अंदर नशीली टेबलेट, सिरप एवं इंजेक्शन है जिसे दीपक मिश्रा अटल आवास 100 बिस्तर के पास भंवरपुर रोड सरायपाली वाले के द्वारा देकर कहा गया कि उक्त टेबलेट, सिरप, इंजेक्शन को मेरे घर तक लेकर चलो और वह अपनी मोटर सायकल से पीछे-पीछे आने लगा। इसके बाद पुलिस द्वारा स्कूटी की डिक्की की तलाशीलेने पर उसमें 5 नग कागज के कार्टून जिसके सामने भाग पर वल्केन 1 एमएल एक्स 50 एनआरएक्स पेंटोजोसाइन लेक्टेट इंजेक्शन आईपी के 04 कार्टून में 200 नग एंपुल्स तथा एक कार्टून में 45 नग एंपुल्स कुल 245 नग कीमत 7178 रुपए, 25 नग विन सेरेक्स कफ सिरफ 10 नग कीमत 4950 रुपए, नाइट्राजेपाम टैबलेट 10 स्ट्रीप कीमत 156 रुपए को बरामद किया। साथ ही आरोपियों के कब्जे से स्कूटी व मोबाइल को जब्त किया गया। इस मामले में आरोपियों के धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## न्यायमूर्ति चौरड़िया ने फीता काटकर किया ई-हियरिंग सेवा की शुरुआत

# अब उपभोक्ताओं को मिलेगा ई-हियरिंग का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद जिला ई-हियरिंग के माध्यम से पूरे भारतवर्ष से जुड़ गया। न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया, अध्यक्ष छग राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा राज्य आयोग रायपुर से ई-हियरिंग का उद्घाटन वर्चुअल फीता काटकर किया। इस सुविधा के प्रारंभ होने से उपभोक्ताओं को तकनीकी न्याय का लाभ मिलेगा। जिससे समय और संसाधन दोनों की बचत होगी। इस सुविधा के प्रारम्भ होने से उपभोक्ता एवं अधिवक्तागण देश के किसी भी हिस्से से जिला उपभोक्ता आयोग से जुड़कर अपने प्रकरण की सुनवाई में भाग ले सकते हैं।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग महासमुंद में ई-हियरिंग के शुभारंभ पर शुभकामनाएं प्रदान की व देश में छत्तीसगढ़ पहला राज्य होगा, जो ई-हियरिंग के माध्यम से प्रकरणों की सुनवाई करेगा। इस तरह न्यायिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय और जुड़ गया। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्राही द्वारा उपस्थित अधिवक्तागण, पक्षकारगण एवं कर्मचारीगणों को ई-हियरिंग के माध्यम से सुनवाई के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पक्षकारों को अपने प्रकरण की ई-हियरिंग के माध्यम से सुनवाई हेतु तीन दिवस पूर्व निर्धारित फार्म में आवेदन करना होगा, उसके पश्चात जिला उपभोक्ता आयोग से उनके मोबाईल पर एक लिंक प्रदान किया जाएगा, जिसके माध्यम से पक्षकार अथवा अधिवक्तागण अपने मोबाईल के द्वारा सीधे प्रकरणों की ऑनलाईन सुनवाई में भाग ले सकते हैं।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया की उपस्थिति में प्रकरण क्रमांक- 79/2024 पक्षकार भोजनाथ देवांगन विरूद्ध महिंद्रा एंड महिंद्रा फायनेंशियल सर्विस में उभयपक्ष के अधिवक्ताओं द्वारा अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्राही एवं सदस्य टी दुर्गा ज्योति राव व सदस्य गिरीश श्रीवास्तव की उपस्थिति में ई-हियरिंग के माध्यम से अंतिम तर्क किया गया।




### इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग महासमुंद के अध्यक्ष गोपाल रंजन पाणिग्रही, राज्य उपभोक्ता आयोग के रजिस्ट्रार निवास तिवारी, डिप्टी रजिस्ट्रार मोना चौहान, सदस्य प्रमोद वर्मा, एकाउंट अधिकारी मधुलिका यादव, जिला उपभोक्ता आयोग, रायपुर के अध्यक्ष डाकेश्वर शर्मा, सदस्य नीलिमा प्रधान एवं महासमुंद आयोग के सदस्यद्वय टी दुर्गा ज्योति राव व गिरीश श्रीवास्तव एवं अधिवक्ता संघ महासमुंद के अध्यक्ष अनिल शर्मा व सचित नूतन साहू सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के प्रतिनिधि व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी.टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध

- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रेक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध

विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्त्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME
MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### नवीन कन्या स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला की शिक्षिका शैल सोनवानी के जन्म दिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों के लिए मिठाई, फल, मिक्सर, चॉकलेट और खीर पूड़ी का वितरण किया गया। बच्चे आनंद होकर न्योता भोज का लुफ्त उठाए। कार्यक्रम में बीआरसीसी महासमुंद परिवार की ओर से दिव्यांग विभाग के प्रभारी अनीता निर्मलकर, प्रधान पाठक योगेश्वर गिरी गोस्वामी, द्रौपदी दीवान, शारदा जोशी, रचना साहू, देवचरण साहू, धनेश्वरी प्रजापति, मेघ ध्रुव, मुकेश कुमार प्रजापति, अनंत कुमार ध्रुव, संगीता साहू मौजूद रहे।

### संगीत एवं चित्रकला में स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश प्रारंभ

**महासमुंद।** शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना कैंप रायपुर में नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों बीपीए (बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स) एवं बीएफए (बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स) में प्रवेश की प्रक्रिया 1 जून 25 से प्रारंभ हो चुकी है। जहां दिव्यांगजनों (श्रवण बाधित, दृष्टिबाधित एवं अस्थिबाधित) के लिए विशेष रूप से कोर्सेस का संचालन किया जा रहा है।

# लोहरीनडोंगरी में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 50 हजार के सागौन और साल की लकड़ी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर ग्राम लोहरीनडोंगरी में अवैध रूप से संग्रहित की गई बहुमूल्य लकड़ियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सर्च वारंट के तहत छापामारी की। कार्रवाई के दौरान दशरथ पटेल के निवास से कुल 46 नग सागौन तथा 14 नग साल की लकड़ी के चिरान बरामद किए गए। जब्त की गई लकड़ी का कुल आयतन 0.342 घनमीटर आँका गया है, जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 50 हजार रुपए है।

प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिक राम डडसेना ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध छत्तीसगढ़ काष्ठ चिरान विनियमन नियम 1984 की धारा 4 के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की गई है। विभागीय स्तर पर संपूर्ण जब्ती प्रक्रिया का पालन करते हुए लकड़ियों को अभिरक्षा में ले लिया



गया है। गौरतलब है कि सागौन और साल जैसी लकड़ियां संरक्षित श्रेणी में आती हैं, जिनकी कटाई और चिरान के लिए विशेष अनुमति अनिवार्य होती है। बिना वैध अनुमति के इनका संग्रहण या व्यापार दंडनीय अपराध है। वन विभाग ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध लकड़ी की कटाई या भंडारण की जानकारी मिले तो तत्काल वन विभाग को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस कार्रवाई को सफल बनाने में उपवनमंडलाधिकारी अनिल भास्करन, प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी सालिकराम डड़सेना, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी राजकुमार साहू, एवं वन विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी वीरेंद्र पाठक, ललित पटेल, मोतीलाल साहू, दीपक जेंड्रे, दिनेश शर्मा, सुदामा पालेश्वर तथा कोकिलकांत दिनकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**अपराध :** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरेकेल खुर्द का मामला

# किश्त नहीं भरने पर युवक को अगवा कर बेरहमी से पीटा फाइनेंस कंपनी के एजेंट सहित छह लोगों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

बजाज फाइनेंस लिमिटेड से लिए गए ऋण की



किश्त नहीं भरने पर एक युवक को अगवा कर रातभर बेल्ट और डंडे से बेरहमी से पीटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम बया से अगवा कर पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बरेकेलखुर्द के खेत में बने मकान में बंधक बनाकर 6 लोगों ने मिलकर युवक के साथ रातभर मारपीट की।

मिली जानकारी अनुसार, ग्राम बया निवासी नंदूराम सेन पिता परसराम सेन ने बजाज फाइनेंस लिमिटेड से 50 हजार रुपए का लोन लिया था। इसमें से 30 हजार रुपए की किश्त चुका दी गई थी, जबकि उसके पंजाब नेशनल बैंक खाते से अतिरिक्त 20 हजार रुपये कट जाने पर उसने किश्त पूरी हो जाने का अनुमान लगाकर अगली किश्तें नहीं भरीं। बताया गया कि फाइनेंस कंपनी के एजेंट राजकुमार पटेल ने आरोप लगाया कि उसने नंदूराम सेन की तीन किश्तें अपनी जेब से भरी हैं और अब वह उससे राशि की मांग कर रहा था। जब नंदूराम ने इस पर आपत्ति जताई और पूर्व में जानकारी न होने की बात कही, तो एजेंट और उसके साथियों ने उसे ग्राम बया से अगवा कर ग्राम बरेकेलखुर्द के एक खेत में बने मकान में ले जाकर रातभर पीटा।

पीड़ित युवक नंदूराम सेन ने बताया कि उसके साथ बेल्ट और डंडों से बुरी तरह पिटाई की गई, जिससे उसके शरीर पर कई गंभीर चोटों के निशान हैं। घटना की शिकायत पर पिथौरा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए एजेंट राजकुमार पटेल सहित 6 आरोपियों के विरुद्ध भारतीय नागरिक संहिता की धारा 140(3), 127(2), 296, 115(2), 351(3), 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया है। चूंकि, घटना की शुरुआत राजादेवरी थाना इलाके से हुई है इसलिए पिथौरा थाना में जीरों एफआईआर दर्ज कर प्रकरण को थाना राजादेवरी भेजा गया।

### थोड़ी सी रकम के लिए रातभर पीटा

इस घटना ने निजी फाइनेंस कंपनियों और उनके एजेंटों द्वारा अपनाए जा रहे तरीकों पर सोचने के लिए मजबूर दिया है। आए दिन यह देखने को मिल रहा है कि जब कोई व्यक्ति समय पर लोन की किश्त नहीं भर पाता, तो एजेंट उस पर तरह-तरह का दबाव बनाने लगते हैं। कई बार तो वे नियम-कानून को ताक पर रखकर लोगों से जबरन पैसा वसूलने की कोशिश करते हैं। एजेंट धमकी भी देते हैं, गाली-गलौज करते हैं और यहां तक कि मारपीट पर उतर आते हैं। पिथौरा थाना क्षेत्र के बरेकेल खुर्द में जो घटना सामने आई है, वह इसी तरह की जबरदस्ती और गुंडागर्दी का उदाहरण है। यहां एक साधारण व्यक्ति, जिसने ईमानदारी से कुछ किश्तें चुका दी थीं, सिर्फ थोड़ी सी रकम बाकी रहने पर उसे अगवा कर रातभर पीटा गया।

# एक दिवसीय कलम बंद, काम बंद सामूहिक हड़ताल को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छग शासन को उनके घोषणा पत्र में किए गए वादे को याद दिलाने के लिए रैली सह ज्ञापन का आयोजन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले किया गया। जिसमें एसडीएम को मुख्यमंत्री छग शासन के नाम 11 सूत्रीय मांग का ज्ञापन दिया गया। सभी संगठन से सभी अधिकारी कर्मचारी रैली में उपस्थित रहे।

सरकार इन मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार नहीं करती है तो 22 अगस्त 2025 को द्वितीय चरण में एक दिवसीय कलम बंद काम बंद सामूहिक हड़ताल पर सभी कर्मचारी रहेंगे। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि कर्मचारियों व पेंशनरों को 2 प्रतिशत केंद्र के समान महंगाई भत्ता, लंबित एरियस राशि का समायोजन जीपीएफ , वेतन विसंगति पर पिंगुआ कमेटी का रिपोर्ट सार्वजनिक हो, चार स्तरीय पदोन्नत समय वेतनमान, सहा शिक्षक, सहा पशु चिकित्सा अधिकारी का तृतीय



समयमान वेतन, कैशलैस चिकित्सा सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति आदेश, अर्जित अवकाश 300 दिन का, पुरानी पेंशन, सेवानिवृति आयु 65 वर्ष किये जाने तथा संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण किये जाने की मांग की गई है। संघ ने बताया कि उक्त सभी मांगे सरकार द्वारा किए गए वादे है जो 2023 के घोषणा पत्र में सम्मिलित है।

# हरेली बर्ड काउंट महोत्सव में शोधार्थी तथा विद्यार्थियों ने किया बर्ड वॉच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बर्ड काउंट इंडिया द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में बर्ड काउंट महोत्सव का आयोजन 13 से 16 जुलाई 2025 तक किया गया, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार सीजन में पक्षियों की विविध प्रजातियां तथा उनकी विविधता का अध्ययन करना, आंकड़े एकत्रित करना तथा दस्तावेजीकरण करना था। भूगोल तथा सूक्ष्मजीव विज्ञान परिषद द्वारा विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल तथा श्वेतलाना नांगल के मार्गदर्शन में शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय के शोधार्थी जगदीश प्रसाद खटकर सहायक प्राध्यापक व शेर स्कूल की रिचा पटेल तथा रायपुर से आए अन्य शोधार्थी बर्ड वॉच विशेषज्ञ खीरसागर पटेल, महिमा तिग्गा तथा स्थानीय पक्षी प्रेमी संजय साहू, लचकेरा से शिवम साहू के कुशल नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर, परसकोल रोड एसपी बंगला सागौन ऑक्सीजोन तथा ग्राम लचकेरा में बर्ड वॉच किया गया

पक्षी अवलोकन तालिका में पक्षी की प्रजाति, संख्या तथा स्थान का उल्लेख पत्रक में खट्टी स्कूल से व्याख्याता चित्रा खटकर तथा आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल से विकास यादव, महाविद्यालयीन छात्रा उर्वशी जोशी, प्रगति कोसरिया ने बर्ड वॉच



गणना में किए गए प्रजातियां तथा चिड़ियों की संख्याओं का उल्लेख किया। अन्य विद्यार्थीगण दिव्या, चांदनी, अदिति, प्रगति, केमिन, अंकिता, मीणा, हिमा, सविता, मेघा, मोंगरा, गीतांजलि, डिगेश्वरी, हेमा, धनेश्वरी, प्रेषित, स्तुति, गौरी, धैर्य, पुष्कर, यूरावत तथा लचकेरा के स्थानीय विद्यार्थियों ने बर्ड वॉच का लाभ उठाया।

हरेली सीजन में पक्षी द्वारा कुछ विशेष प्रजाति के वृक्षों बरगद, पीपल, बबुल ,नीम आम, जामुन, शीशम में बसेरा, स्थानीय सामग्री से विविध प्रकार की घोंसला निर्माण तथा अंडा देने, उनके व्यवहार, चूजों की पोषण प्रक्रिया व भोजन व्यवस्था को समझने का अवसर मिला तथा विविध कैमरा, बायनोक्युलर, दूरबीन, मोबाइल एप ईबर्ड व मर्लिन की सहायता से चिड़ियों की आवाज उनकी, फोटो, विशेषताएं, संभावित क्षेत्र के बारे में आसानी से समझने के लिए इनके संचालन प्रक्रिया को बताया गया, जिसे चिड़ियों की पहचान और सही गणना कर ऐप में दर्ज करना सिखाया गया। जिसमें 20 प्रजातियों के लगभग 1100 पक्षियों की गणना की गई।

वर्ल्ड अकाउंट वाच में घरेलू कौवा, गौरैया, उल्लू, कबूतर, एशियन ओपन बिल कार्मोरेंट सारस, इंडियन कारमोरेंट, जल तटवर्ती पक्षी, बगुले, फ्लाई कैचर, किलकिला, गिद्ध, मीडियम एग्रेड, सनबर्ड, फ्लावरपिकर्स, वुडकीपर पैरोट, पीटबुश्वट, रोबिन, जंगल बबलर, बुलबुल, कोयल इत्यादि पक्षियों को करीब से देखने और समझने का मौका मिला।

बर्ड काउंट वॉच में महाविद्यालय से प्राध्यापकगण कविता कहिर, वंदना यादव, ओंकार साहू, अरविंद साहू ने रोमांचक अवसर का लाभ उठाया।

# 2047 तक विकसित राज्य छत्तीसगढ़ का नारा, जनता को भ्रमित करना: राकेश



**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा 2047 तक विकसित राज्य छत्तीसगढ़ के नारे पर चुटकी लेते हुए कहा है कि भाजपा सरकार महज जनता को भ्रमित कर रही है। वर्तमान परिस्थितियों की बजाय 22 साल बाद का जनता को सपना दिखाया जा रहा है। जिस 2047 का जनता को सपना दिखाया जा रहा है उसमें आज की जनता से आधी आबादी तो जिंदा ही नहीं बचेंगे। यह वास्तविकता में कई कारणों से एक भ्रम या आकर्षक राजनीतिक सपना माना जा सकता है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से कम है। ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की दर अभी भी 30 प्रतिशत से अधिक है। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी, युक्तियुक्तकरण जैसी नीतियों से हालात और बिगड़े। डॉक्टरों, दवाइयों और संसाधनों की भारी कमी। पीएचसी और सीएचसी में बुनियादी सुविधाएं नहीं। युवाओं में बेरोजगारी दर लगातार बढ़ रही है।

# आगामी विकासखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता, जोन प्रभारी भी बनाए

**महासमुंद।** मिनी स्टेडियम में प्राचार्य शाडीएमएस महासमुंद के संयोजन में क्रिकेट (ड्यूस) प्रतियोगिता 14,17 ,19 वर्ष बालक बालिका का चयन ट्रायल 17 जुलाई को 11 बजे रखा गया। 18 जुलाई को प्राचार्य सेजेस नयापारा के संयोजन में गतका का आयोजन, 19 को भोरिंग मे प्राचार्य के संयोजन में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन, 21 को प्राचार्य बेमचा के संयोजन में नेहरू हाकी, 22 जुलाई को साइकिलिंग, प्राचार्य पीढ़ी के संयोजन में 22 जुलाई मलखम, प्राचार्य बेमचा के संयोजन में 22 जुलाई को भारोतोलन खेल, प्राचार्य खट्टी के संयोजन में 22 जुलाई को जिमनास्टिक खेल का आयोजन, प्राचार्य पिरदा के संयोजन में 22 जुलाई को कुराश का आयोजन, प्राचार्य भोरिंग के संयोजन में 22 जुलाई देव संस्कृति प्राचार्य के संयोजन में बॉक्सिंग खेल का आयोजन, 22 जुलाई प्राचार्य छपोराडीह के संयोजन में बाक्सिंग, 23 जुलाई को प्राचार्य डीएमएस के संयोजन में नेटबॉल खेल का आयोजन होंगे। वहां पदस्थ व्यायाम शिक्षकों के निर्देशन में उक्त प्रतियोगिता होंगी। विकासखंड स्तरीय खेलकूद (क्रीड़ा) के आयोजन एवं संचालन हेतु सभी व्यायाम शिक्षकों को विभिन्न जोनों का प्रभारी बनाया गया है। इसी क्रम में महासमुंद जोन के लिए विकासखंड क्रीड़ा प्रभारी हीरेंद्र कुमार साहू, अंजनी साहू, तृषा शर्मा, नीलिमा राजपूत, भोरिंग जोन डॉ सुनील कुमार भोई, बेमचा जोन सेवन दास मानिकपुरी, पिरदा जोन ओम प्रकाश जायसवाल, खट्टी जोन गणेशराम कोसरे, बेलसोंडा जोन इंद्राणी भास्कर, झलप जोन राजेश्वरी ध्रुवंशी, बिरकोनी जोन बेदराम रात्रे, शेर जोन सलिल चौधरी, तुमगांव जोन कामता साहू, छापोराडिह जोन रामेश्वरी दीवान, बम्हनी जोन नीलम कुमार सिन्हा, रायतुम जोन हेमपुष्पा ध्रुव, गढ़सिवनी जोन रीना कोठारी, आदि से खेलकूद आयोजन के संदर्भ में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और भाग ले सकते हैं।

# आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में छात्र संघ व छात्र कैबिनेट का शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शास आदर्श उच्च माध्य विद्यालय में छात्र संघ व छात्र कैबिनेट का शपथ ग्रहण आयोजित किया गया। 2025-26 सत्र के सुचारू संचालन के लिए प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य द्वारा शपथ दिलाई गई। और अनुशासित जीवन के लिए प्रेरित किया गया।

छात्र संघ शाला नायक हिमेश चक्रधारी, उप शालानायक जागेश्वर कोसरे, सचिव मयंक कोसरे, सहसचिव अमित तांडी, छात्रा प्रतिनिधि कौशिल्या सोनवानी, ईको क्लब /पर्यावरण रूद्र प्रताप,



अनुशासन एवं स्वछता वेद प्रकाश आर्य, सांस्कृतिक सचिव तनिषा महंती, साहित्यिक सचिव पुष्पेंद्र पटेल, क्रीडा सचिव सुजल नामदेव, स्काउट सचिव- जितेश यादव, एनसीसी सचिव देवेंद्र चक्रधारी, एनएसएस सचिव निरंजन सिन्हा एवं कक्षा नायक एवं उपप्कक्षा नायक अमन, अमित, झुलेश्वर, छत्रपति, जितेश, चंद्रकांत, मोनिका, धवल, अदिति, श्रुति, अंजलि, लीना, स्नेहा, सोनम, योगेश, साक्षी शामिल है। शपथ ग्रहण समारोह में उपप्राचार्य चमन लाल चंद्राकर, व्याख्याता/शिक्षकगण मुरलीधर वर्मा, संध्या चंद्राकर, हेमंत डडसेना, मुरलीधर पटेल, त्रिवेणी साहू , सुलक्षणा तिवारी, भोजेश्वरी ठाकुर, घनश्याम यदु, सुधा शर्मा, प्रियंका ध्रुव, त्रोती ध्रुव, गरिमा, नरेंद्र, हिना, अंजनी साहू, जगदीश साहू, लेखराम साहू, दुर्गा डडसेना, देव कुमार सोनवानी, बसंत साहू, स्वेता, सपना कहार, महेश कुंभकार, राजेश भोई, सुशन, जितेंद्र उपस्थित रहे। यह जानकारी हेमंत डडसेना ने दी।

# स्वरोजगार की मिसाल बनी भोरिंग की पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम भोरिंग की निवासी पुष्पा साहू ने

- स्टोन कटिंग एवं पॉलिशिंग उद्योग में पारंगत एवं सफल उद्यमी बनी

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है। महज 10वीं तक की शिक्षा प्राप्त करने वाली पुष्पा साहू ने शासकीय योजना का लाभ उठाकर न केवल अपना उद्योग स्थापित किया, बल्कि आज अपने परिवार के लिए आर्थिक स्थिरता भी सुनिश्चित कर रही हैं। चुनौती और कठिन परिस्थितियों में काम करने की जज्बा ने स्टोन कटिंग एवं पॉलिशिंग उद्योग में काम करते हुए पारंगत एवं सफल उद्यमी बनकर अन्य लोगों को प्रेरणा दी है।

पुष्पा साहू ने प्रधानमंत्री रोजगार



सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त किया और तत्पश्चात खादी ग्रामोद्योग विभाग, जिला पंचायत महासमुंद के माध्यम से 35 प्रतिशत अनुदान के साथ ऋण के लिए आवेदन किया। विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात कार्पोरेशन बैंक, महासमुंद द्वारा उनके उद्योग हेतु कुल 25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई, जिसमें से प्रथम चरण में 7 लाख रुपए की किस्त मशीन क्रय के लिए प्रदान की गई।

उद्योग की प्रगति के अनुसार शेष राशि भी चरणबद्ध तरीके से जारी की गई। पुष्पा साहू ने वर्ष 2017 में ज्योति स्टोन कटिंग एवं पॉलिशिंग उद्योग की स्थापना की। वे अब प्रति माह 18 हजार रुपए की किश्त जमा कर रही हैं और लगभग 35 हजार रुपए मासिक आय अर्जित कर रही हैं। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई है।

# आईटी 2.0, एक डिजिटल परिवर्तन की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

डाक विभाग छग डाक परिमंडल भविष्य के एपीटी एप्लीकेशन के रोल आउट की घोषणा करते हुए गर्व का अनुभव कर रहा है। डिजिटल उत्कृष्टता राष्ट्र निर्माण की दिशा में डाक विभाग की इस यात्रा में यह एक स्वर्णिम मौका है। इस परिवर्तनकारी पहल के रूप में इस उन्नत प्रणाली को रायपुर डाक संभाग के समस्त 75 उपडाकघरों और 01 जीपीओ में 22 जुलाई 2025 से लागू किया जाएगा। इस उन्नत डिजिटल प्लेटफार्म को सक्षम करने के लिए एक नियोजित डाउनटाईम निर्धारित किया गया है। जिसके तहत 21 जुलाई 2025 को रायपुर संभाग के समस्त डाकघरों में किसी भी प्रकार का वित्तीय लेन देन नहीं किया जाएगा। डाक सेवाओं का यह अस्थाई निलंबन डाटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और अन्य प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिये आवश्यक है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि नई प्रणाली सुचारू रूप से प्रारंभ हो सके। एपीटी एप्लीकेशन को बेहतर एवं उपयोगी, तीव्र सेवा वितरण और ग्राहकों के लिए अनुकूल इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो प्रभावी है और भविष्य के लिये बेहतर डाक संचालन प्रदान करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रायपुर डाक संभाग अपने ग्राहकों से निवेदन करता है कि 21 जुलाई 2025 को डाक सेवाओं के संक्षिप्त व्यवधान के दौरान हमारा सहयोग करें तथा इसके अनुसार डाकघर की सेवाओं का लाभ उठाएं। हम किसी भी असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हैं और आपको आश्वस्त करते हैं कि ये कदम प्रत्येक नागरिक को बेहतर, तीव्र तथा डिजिटल रूप से सशक्त सेवायें प्रदान करने के लिये उठाये जा रहे हैं।

फीचर इम्पैक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

BHARTI VISHWAVIDYALAYA

भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षों से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है, हमारे संस्था से शिक्षा प्राप्त कर ज्यादातर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ - साथ विदेशों में सरकारी एवं निजी संस्थानों में बड़े पद पर कार्यरत है, कई विद्यार्थी बड़े रूप में स्व रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है, जिससे हमारी संस्था के साथ - साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाए रखेंगे इसी विश्वास के साथ...

**विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...**

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. | ASHOK L by LAYAM GROUP | JINDAL ELECTRICAL | HCL INFOSYSTEMS LTD | TATA CONSULTANCY SERVICES | L&T CONSTRUCTION | SUZUKI MOTORS | MAHINDRA & MAHINDRA LTD. | SUZLON ENERGY LTD. | BOC INDIA LTD. | DHOOT TRANSMISSIONS | ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. | HIRA POWER & STEEL | MAINTEC TECHNOLOGIES | IDBI BANK LIMITED | JUST DIAL LIMITED



श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति भारत द्वारा पुरस्कृत करते हुये




इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।





## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)
M.Tech / B.Tech / Diploma • CSE • Civil • ET&T • Mechanical • Electrical Artificial • Intelligence & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib • B.Lib • D. Lib

### Hotel Management
- BHM
- MHM

### Education
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

### Film Making
- B.A.
- M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education andSports (B.P.E.S)
  Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S)
  Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/Science/Commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA • MBA
  - Hospital Management
  - Financial Management
  - Marketing Management
  - Human Resource Management
- DCA • BCA • PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A
  - English • Sociology • Psychology • Hindi • Sanskrit • Yoga • Political Science • History • Geography • Public Administration
- B.Com. (Hons) • M.Com. • DSW
- BSW MSW • B.Stat • M.Stat
- BRS MPH • MRS
- B.Sc (Hons) / M.Sc
  - Chemistry • Maths • Physics • Biotechnology • Botony • Zoology • Microbiology • Computer Science • IT • Home Science • Multimedia & Design • Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph. D. Available in all Subject**
प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23.07.2025
website: www.bhartiunivercity.org

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



**भारती विश्वविद्यालय** न केवल दुर्ग में, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में **कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान** के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश- विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहें है। **फॉरेसिंक साइस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना कैरियर संवार सकते है।** सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो विद्यार्थियों को एक सशक्त कैरियर और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**· अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ· अनुभवी फैकल्टी एवं फील्ड एक्सपर्ट्स · इंटर्नशिप व लाइव प्रोजेक्ट्स के अवसर · सरकारी और निजी क्षेत्रों में प्लेसमेंट की सुविधा**

देश का आपराधिक न्याय तंत्र आज **एविडेंस-बेस्ड प्रणाली** की ओर अग्रसर है। हाल ही में लागू हुये तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत **सात साल से अधिक सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य** कर दी गई है। इससे फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग** इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान।**

**समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी**

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।



**62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

www.bhartiuniversity.org bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

## खबर संक्षेप



### सुपोषण चौपाल में गर्भवती महिलाओं का किया सम्मान

**बिरकोनी।** सुपोषण चौपाल के अंतर्गत ग्राम बिरकोनी में गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। जिसमें सभी गर्भवती महिलाओं को कम्युनिटी ईशा शर्मा ने गुलाल व फल देकर सम्मानित किया। गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक थाली दी गई। जिसमें नारियल, केला, मिठाई, अंकुरित चना, मूंग मूंगफली, रेडी टू ईट और चावल दिया गया। कार्यकर्ता ने आंगनबाड़ी की योजनाओं की जानकारी दी गई। कम्युनिटी ईशा शर्मा ने बताया कि गर्भवती का वजन और खानपान, मेडिसिन विशेष ध्यान रखे व शारीरिक, मानसिक, बौध्दिक विकास के बारे में गर्भवती महिलाओं को जानकारी दी गई। इस अवसर पर कल्याणी, दुर्गा, गुंजा, हीरा, मेनका, भुनेश्वरी, ममता, सुचित्रा, लीलेश्वरी, पूजा देवहूति, रत्ना, सुभद्रा, रजनी, रंभा, रानी, शीतल उपस्थित थे।



### ब्यूटीशियन प्रशिक्षण की हुई शुरुआत

**महासमुंद।** वैभवी वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी व पूनम सेवा संस्था के सहयोग से वार्ड नंबर 16 पुराण रावणभाटा डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद वार्ड में महिलाओं को ब्यूटीशियन का निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिसका विधिवत शुभारंभ किया गया। कौशल प्रशिक्षण केंद्र में 36 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में वैभवी वेलफेयर सोसाइटी एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष व प्रशिक्षण केंद्र की शिक्षिका अदिति चंद्राकर, समिति की उपाध्यक्ष वंदना सेन व वार्ड पार्षद धनेंद्र चंद्राकर उपस्थित रहे।

**प्रश्न :** विधायक ने लगाया लक्ष्य के अनुरूप खाद उपलब्ध नहीं कराने का आरोप

# विधायक चातुरी नंद ने विस में उठाया सोसायटियों में खाद कमी का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

- विधायक चातुरी नंद ने ली कृषि मंत्री से ली सोसायटियों में खाद की उपलब्धता की जानकारी





क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने महासमुंद जिले के सोसायटियों में खाद की कमी एवं खाद की कालाबाजारी को लेकर कृषि मंत्री रामविचार नेताम से विधानसभा में तारांकित प्रश्न के माध्यम से जानकारी ली। विधायक चातुरी नंद के तारांकित सवाल के जवाब में कृषि मंत्री ने लिखित जवाब में बताया कि महासमुंद जिले में खरीफ वर्ष 2025 हेतु जून, 2025 तक सहकारी समितियों में छग राज्य सहकारी विपणन संघ के संग्रहण केंद्रों से कुल 35518 मी. टन रासायनिक उर्वरक एवं छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के प्रक्रिया केंद्रों से 30634.80 किंटल बीज का भंडारण किया गया है।

कृषि मंत्री ने यह भी बताया कि महासमुंद जिले में 57070 मी. टन उर्वरक एवं 31955 क्विंटल बीज के प्राप्त लक्ष्य के विरूद्ध क्रमशः 22111 मी. टन उर्वरक एवं 25197.90 क्विंटल बीज वितरण किया गया है। विधायक चातुरी नंद ने खाद एवं बीज की कमी, कालाबाजारी, अधिक दाम में बेचने या अन्य कोई शिकायत प्राप्त के संबंध में सवाल पूछा, जिसके जवाब में मंत्री ने बताया कि कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। विधायक चातुरी नंद ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश में किसानों को खाद- बीज तक उपलब्ध नहीं करा पा रही है। खाद के लिए किसान सोसायटियों के चक्कर काटने मजबूर है। खाद की कमी को लेकर कांग्रेस पार्टी ने पूरे प्रदेशभर में धारण प्रदर्शन किया और शिकायत सौंपे लेकिन विधानसभा में शिकायत प्राप्त नहीं होने की गलत जानकारी दी जा रही है।

उन्होंने कहा है कि खरीफ की बुवाई का समय तेजी से बीत रहा है, लेकिन किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है किसान परेशान है, सरकार के द्वारा किसानों को पहले एनपीके का विकल्प देने की बात कही गई और अब नैनो डीएपी का झांसा दे रहे हैं। असलियत यह है कि सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उत्पादन ले सके, ताकि समर्थन मूल्य पर कम धान खरीदी करना पड़े, यही वजह है कि खरीफ फसल की बोनी के ऐन वक्त पर खाद का कृत्रिम संकट उत्पन्न किया जा रहा है।

जब किसानों के तरफ से डिमांड अप्रैल माह तक लिखाया जा चुका था, फिर सही समय में पर्याप्त मात्रा में खाद के रेक और सहकारी सोसायटियों तक भंडारण की समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की गई? विधायक चातुरी नंद ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से किसान परेशान है। कभी पंजीयन के लिए कभी खाद के लिए तो फिर कभी धान का भुगतान के लिए किसान भाजपा सरकार में भटकने को मजबूर है।

### शून्य काल में उठाया बिला नाला जलाशय

विधायक चातुरी नंद ने बसना विकासखंड के ग्राम बुटीपाली के बिला नाला जलाशय के डुबान क्षेत्र के प्रभावितों को मुआवजा नहीं मिलने का मुद्दा विधानसभा में शून्य काल के जरिए उठाया। विधायक चातुरी नंद ने अपने शून्य काल सूचना में कहा कि ग्राम बूटी पाली, तहसील बसना के रा. नि.मंडल सागरपाली पटवारी हल्का नंबर 9 स्थित निजी भूमि कुल कृषक संख्या 16 कुल जनं 28 कुल रकबा 12.920 हेक्टेअर में से प्रभावित भूमि रकबा 7.500 हे. असिंचिंत कृषि भूमि बिला नाला जलाशय योजना के डूबान क्षेत्र में आया है। गाईड लाईन वर्ष 2019-20 के बाजार मूल्य मार्गदर्शी सिद्धांत मूल्यांकन बोर्ड द्वारा अनुमोदित अनुसार अर्जित की जा रही भूमि का बाजार मूल्य 4,34,500.00 रुपए, असिंचित कृषि भूमि प्रति हे. की दर से तथा 234 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से अर्जित भूमि कुल रकबा 7,500 हे. का मुआवजा राशि 1,69,09,175.00 रुपए होता है। प्रभावित किसान लगातार मुआवजे की मांग को लेकर कभी जल संसाधन विभाग तो कभी कलेक्ट्रेट के चक्कर काटने मजबूर है।

# अडाणी से संबंध उजागर होने के भय से भाजपा करा रही ईडी की कार्रवाई : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- छग के जल, जंगल, जमीन अडाणी को देकर सवालों से भाग रही भाजपा
- विपक्ष की आवाज दबाने भाजपा करा रही ईडी की कार्रवाई



पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर ईडी द्वारा की गई छापामारी को विपक्षी आवाज को दबाने भाजपा सरकार द्वारा की गई तानाशाही पूर्ण कार्रवाई बताया है। चंद्राकर ने भाजपा सरकार पर विपक्ष की आवाज दबाने और अपनी नाकामियों को छुपाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष की आवाज दबाकर तानाशाह सरकार जनता के हक को मारना चाहती है, लेकिन कांग्रेसी ऐसा नहीं होने देंगे। जब-जब भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार, विफलताओं और दमनकारी नीतियों का पर्दाफाश हुआ है तब-तब भाजपा ने प्रदेश के विपक्षी नेताओं पर ईडी, आईडी के माध्यम से दबाव बनाने का प्रयास किया है।

चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा सत्र के अंतिम दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायगढ़ के तमनार में हुए जंगल की अवैध कटाई व अडाणी का मुद्दा उठाने वाले थे। जिससे भयभीत भाजपा सरकार ने प्रदेशवासियों के सामने पोल खुलने के डर से बघेल के निवास पर यह कार्रवाई की। पिछले 18 महीने के सरकार में भाजपा ने केवल प्रदेश के जल, जंगल, जमीन को बेचने का काम किया है। हसदेव अरण्य सहित रायगढ़ के तमनार के हरे-भरे जंगलों को उजाड़ कर अडाणी के हवाले कर दिया है। हसदेव क्षेत्र की कटाई का विरोध करने वाले आदिवासियों पर बर्बर कार्रवाई, लाठीचार्ज, उन्हें जेल में डालने से भी भाजपा ने परहेज नहीं किया। तमनार क्षेत्र में भी ग्रामीणों का भारी विरोध के बावजूद जंगल की कटाई जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित कांग्रेसजनों ने तमनार क्षेत्र के जंगलों की कटाई का मंजर वहां जाकर देखा था, तब से भाजपा की बेचैनी बढ़ गई थी। अडाणी से भाजपा का संबंध उजागर होने के डर से तानाशाहीपूर्ण ईडी की छापामार कार्रवाई की जा रही है।

# 9.35 करोड़ से बदली विकास की तस्वीर स्वर और समाधान भी : सांसद चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने त्वरित और रणनीतिक उपयोग करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं बुनियादी ढांचे जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सामुदायिक भवन, सीसी रोड, शेड, स्मार्ट क्लास एवं कम्प्यूटर सेट जैसी सुविधाओं के निर्माण के लिए व्यय सुनिश्चित किया। बता दें कि संसदीय क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में सांसद निधि से प्राप्त 9.80 करोड़ में से 9.35 करोड़ की राशि का आवंटन प्राप्त हुआ और स्वीकृत कार्यों में से 70 प्रतिशत से अधिक कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण हो चुके हैं।

प्रतिदिन लगभग 300 किलोमीटर का निरंतर प्रवास कर महासमुंद, धमतरी और गरियाबंद जिलों के सुदूर गांवों तक पहुंच रही हैं, जिससे जनता के बीच उनकी सीधी भागीदारी और प्रशासन पर उनकी मजबूत पकड़ का परिचय मिलता है। लोकसभा में भी उनके तेवर उतने ही सख्त और सजग रहे हैं। उन्होंने सिरपुर और राजिम को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर लाने, रेत के अवैध खनन पर शिकंजा कसने, जल जीवन मिशन में हुए भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच की मांग समेत अनेक जनहित विषयों को आक्रामकता से उठाया है। अब तक वे संसद में



59 प्रभावशाली प्रश्न पूछ चुकी हैं, जो उनकी सक्रियता और जवाबदेही का स्पष्ट प्रमाण हैं। श्रीमती चौधरी ने सीधे तथ्यों से जवाब देते हुए स्पष्ट किया कि सांसद निधि से जारी राशि ग्राम पंचायत, आरईएस (ग्रामीण यांत्रिकी सेवा),पीडब्ल्यूडी जैसी कार्यकारी एजेंसियों को हस्तांतरित कर दी जाती है। कार्य पूर्ण होने के बाद इन एजेंसियों को इसकी सूचना पोर्टल पर अपलोड करनी होती है, लेकिन कुछ अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह जानकारी समय पर अपडेट नहीं हो सकी और इसका खामियाजा जनमानस को भ्रमित सूचना के रूप में भुगतना पड़ा। यह केवल संसदीय निधि की कहानी नहीं है। श्रीमती चौधरी ने रणनीतिक प्रयासों से धमतरी और महासमुंद को राष्ट्रीय बागवानी मिशन में शामिल कराकर क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ पहुंचाया है, जिससे कृषि आय और उत्पादन क्षमता में क्रांतिकारी परिवर्तन की नींव रखी गई है। इसके साथ ही रायपुर से आरंग, तुमगांव, पिथौरा, बसना, सरायपाली होते हुए ओडिशा के बरगढ़ तक नई रेल लाइन के निर्माण हेतु उन्होंने संसद में लगातार दबाव बनाया है। यह परियोजना न केवल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करेगी, बल्कि व्यापार, कृषि और पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन लाएगी। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा के देवभोग विकासखंड से लेकर धमतरी के डूबान क्षेत्र तक, सांसद चौधरी की सतत उपस्थिति और जमीनी स्तर पर उनकी भागीदारी ने यह साबित कर दिया है कि वे केवल नाममात्र की सांसद नहीं, बल्कि जनता की वास्तविक प्रतिनिधि हैं, जो जमीनी हकीकत को समझती हैं और उसका समाधान भी करती हैं।

# कलेक्टर और सीईओ पहुंचे बनपचरी स्कूल, बच्चों से किया आत्मीय संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय प्राथमिक शाला बनपचरी का निरीक्षण करने के लिए जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक विकासखंड महासमुंद अंतर्गत विद्यालय पहुंचे। निरीक्षण के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने विद्यालय की कक्षाओं में जाकर बच्चों से आत्मीयता के साथ संवाद किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बच्चों से गणितीय ज्ञान, पहाड़ा, संख्या ज्ञान आदि विषयों पर प्रश्न पूछे। बच्चों द्वारा उत्साहपूर्वक एवं सही उत्तर दिए जाने पर कलेक्टर एवं सीईओ ने हर्ष व्यक्त किया और बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें चॉकलेट उपहार स्वरूप प्रदान किए। बच्चों ने जब जिला कलेक्टर को अपने बीच पाया तो उनकी प्रसन्नता देखते ही बनती थी। विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए यह अवसर प्रेरणादायक एवं उत्साहवर्धक रहा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, शिक्षण व्यवस्था तथा छात्रों की उपस्थिति की भी जानकारी ली एवं संबंधित शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

## सुपोषण चौपाल में गोद भराई का कार्यक्रम



**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 26 पंचशील नगर क्लब पारा के आंगनबाडी केंद्र में आयोजित सुपोषण चौपाल के अंतर्गत गोद भराई का कार्यक्रम रखा गया था। इस अव सर पर वार्ड के पार्षद पीयूष अमृत साहू ने वार्ड निवासी गोल्डी चंद्राकर के गोद भराई कार्यक्रम में उनकी आरती कर तथा सुपोषण थाली देकर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर आंगनबाडी संचालिका सुधा रात्रे ने दंपति को राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही गोद भराई संबन्धित योजना से अवगत कराया। कार्यक्रम के महत्व को समझाया। इसके साथ साथ पार्षद साहू ने दम्पति को आगे के लिए संचालिका रात्रि दीदी के मार्गदर्शन व सलाह मशवरा लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता शुभम पांडे, उषा बघेल, किरण साहू, लेखा पटेल, हेमलता निषाद, देवकी कांड्रा, हर्ष बोटकेवार, मंजूषा चंद्राकर, विनीता साहू, सुहागा सिन्हा, ओशिल शर्मा ,तामेश्वरी, शहीसा, मुस्कान साहू, लीला साहू, प्रीति सूर्यवंशी आदि वार्डवासियों की उपस्थिति रही।

# पूर्व सांसद के जन्मदिन पर किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

बागबाहरा ग्रामीण मंडल में पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू के जन्मदिन के अवसर पर ग्राम सम्हर व मोंगरापाली(स)में पौधरोपण किया गया। ततपश्चात साहू के निवास स्थान कार्यालय में बागबाहरा ग्रामीण मंडल के कार्यकर्तागण व क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर केक काटकर व मिठाई बांटकर जन्मदिन मनाया गया।

इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्षगण पिलेश्वर पटेल, प्रेम साहू, सागर चंद्राकर, प्रीतम साहू, धरम दीवान, वर्तमान मंडल अध्यक्षगण बागबाहरा ग्रामीण रुपेश साहू, शहर डाली ध्रुव, कोमाखान नितिन जैन, खल्लारी लोकेश पनुरिया, महासमुन्द से पवन साहू, चिंताराम साहू, भुवन साहू,



कमलेश, लालसिंह नायक, गुलशन बघेल, पुनीत सिन्हा, मुकेश चंद्राकर, हरीश दीवान, जनपद सदस्या सम्हर क्षेत्र तारेश्वरी पटेल, सरपंच मोंगरापाली भमिका विनय साहू, जनपद सदस्य तेंदुकोना धनंजय साहू, नर्मदा शर्मा, देवकुमारी पटेल, कन्हैया नायक, कामता दल मयाराम साहू, आशीष शुक्ला, तेजन साहू, भूपेंद्र साहू, चंद्रहास नायक, कोमल साहू, हुमन सेन, टीकम ध्रुवशी, नंद निषाद, घनश्याम साहू, छन्नू साहू, तुला साहू, मनीष अग्रवाल, कमलेश नामदेव, पीतांबर साहू सहित विधानसभा के सामाजिक बंधुजन, वरिष्ठजन व भारी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष बनीं गिरिजा

**महासमुंद।** छग नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह ने शहर के प्रसिद्ध समाज सेवी व केके फिल्मस की डायरेक्टर गिरिजा दास को फाउंडेशन का जिला महासमुंद के अध्यक्ष नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति फाउंडेशन संरक्षण एएसपी सुरेश चौबे व महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह की अनुशंसा पर की गई है। छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन एक गैरराजनीति संस्था है, जो शिक्षा का अधिकार, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा यौन उत्पीड़न, भ्रष्टाचार बाल विवाह, बाल मजदूरी, वन प्राणी संरक्षण सहित अन्य क्षेत्रों में जागरूकता लाने का प्रयास करती है। ये सभी कार्य शासन प्रशासन के सहयोग से किए जाते है। वर्तमान में यह संस्था प्रदेश के 29 जिलों में सक्रिय है। नियुक्ति पर संरक्षक एएसपी सुरेशा चौबे, प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश सिंह, महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, वरिष्ठ



उपाध्यक्ष डीएम सोनी, डॉ. गुरुप्रीत कौर (महिला विंग), कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र यादव, डॉ. सुषमा पांडेय (महिला विंग), प्रदेश महासचिव सुशील मलिक, एड. उज्ज्वला क्षत्री (महिला विंग), प्रदेश सचिव अमरजीत सिंघ सलूजा, मीना कौर (महिला विंग), विधिक सलाहकार-एड. रविंदर सिंघ छाबरा, एड. बिंदिया गौस्वामी (महिला विंग), प्र. कोषाध्यक्ष विशाल सिंहदेव / सारिका यादव (महिला विंग) ने खुशी जाहिर की है।

**कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना**

# देव संस्कृति विद्यालय में आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिनों किशोरी बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोर बालिकाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाना है, ताकि वे संभावित खतरों से खुद को बचा सकें और अपने जीवन में सफलता प्राप्त कर सकें।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. एकता लंगेह समाजसेविका और देव संस्कृति शिक्षण समिति अध्यक्ष शशि प्रभा थिटे उपस्थित थीं। इस अवसर पर डॉक्टर एकता ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण का प्रथम उद्देश्य बच्चियों को शारीरिक हमले से खुद को बचाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा न केवल शारीरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देती है। शशि प्रभा ने बताया कि यह हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है और हम सबको एकजुट होकर बच्चियों की आत्मरक्षा और अन्य कौशल पर कार्य करने के लिए जोर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से हम बच्चियों को सशक्त बना सकते हैं और उन्हें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।



आत्मरक्षा प्रशिक्षक नीलकंठ साहू ने बताया कि मार्शल आर्ट अनुशासन और एकाग्रता की ओर ले जाता है और यह गुण बच्चों में व्यवस्थित अभ्यास और दोहराव के माध्यम से विकसित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल शारीरिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक मजबूती और आत्मविश्वास को भी बढ़ावा देती है। तारिणी चंद्राकर ने बताया कि कराते अकादमी और सामाजिक संस्था के सहयोग से सभी बड़े स्कूलों में आत्मरक्षा के लिए निःशुल्क मार्शल आर्ट, योग और मेडिटेशन की क्लास दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से हम बच्चियों को सशक्त बना सकते हैं और उन्हें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिव्या रंगारी को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

